# न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पल पल न्यूजः गोहाना, 10 सितंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के होम साइंस विभाग द्वारा मनाए जा रहे न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए सहायक प्रोफेसर प्रीती धनखड़ ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में बीएससी (होम साइंस) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रीति ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति ने दूसरा स्थान आभा ने तथा तीसरा स्थान शिवानी व श्वेता ने प्राप्त किया। वहीं सलाद सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशी, द्वितीय प्रियंका तथा दीपा व ललिता तृतीय रही, तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या, द्वितीय ईशा तथा आक्षी तृतीय रही। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्राचार्य प्रो सुषमा जोशी ने इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए छात्राओं को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रो जोशी ने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उपासना, डॉ. अनीता एवं डॉ. नितिका ने निभाई।आयोजन में प्रो कल्पना, प्रो संतोष हुड्डा व रमणी पूर्णिमा का विशेष योगदान रहा।

# बीपीएसएमवी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पल पल न्यूजः गोहाना, 10 सितंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तत्वाधान में अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहे विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सोनीपत के डिप्टी कमिश्नर सुशील सरवन ने शिरकत की। वहीं छात्राओं के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में गोहाना की एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय व भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ सिमरन ने बतौर विशिष्ट अतिथि छात्राओं को सम्बोधित किया।

न्यूज़ डायरी

# सलाद सज्जा में दीपांशी ने पाया पहला स्थान



**पोषण सप्ताह के तहत छात्राओं की ओर से की गई सलाद सज्जा का अवलोकन करतीं प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी व प्राध्यापिकाएं।** स्रोत: विवि

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के गृहविज्ञान विभाग की ओर से पोषण सप्ताह के तहत बुधवार को विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग, स्लोगन एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सहायक प्रोफेसर प्रीति धनखड़ ने बताया कि पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में श्रुति प्रथम, आभा द्वितीय और शिवानी व श्वेता तृतीय स्थान पर रहीं। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में दीपांशी पहले, प्रियंका दूसरे और दीपा व ललिता तीसरे स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में दिव्या ने पहला, ईशा ने दूसरा और आक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाई। संवाद

कार्यक्रम

**गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में अमृत मार्ग- नशे व स्वास्थ्य की राहें विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

# शिक्षा के प्रचार के साथ संस्कृति की ध्वजवाहक भी हैं बेटियां : उपायुक्त

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में बुधवार को नार्को समन्वय केंद्र के तत्वावधान में अमृत मार्ग- नशे व स्वास्थ्य की राहें विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त सुशील सारवान, विशिष्ट अतिथि गोहाना की एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिमरन ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की।

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ हमारी संस्कृति की ध्वजवाहक भी हमारी बेटियां हैं। अमृत मार्ग का अभिप्राय स्वास्थ्य सर्वोपरि से है। नशा सोचने, समझने, अच्छे बुरे की पहचान छीनकर शक्तिहीन कर देता है। अगर समय रहते नशे से छुटकारा नहीं पाया तो खुशहाल जीवन भी बर्बाद हो जाता है।




सोनीपत के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, कुलपति प्रो. सुदेश के साथ मौजूद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली छात्राएं। स्रोत : विवि

उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वह स्वयं भी नशे से बचे और दूसरों को भी बचाएं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं अभियान के प्रति प्रयासरत हैं।

एसडीएम डॉ. अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि नशे से वापसी मुश्किल काम है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवा पीढ़ी के लिए जरूरी हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशे की लत महिलाओं पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालती है।

ऐसे में सभी की जिम्मेदारी है कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाए। डॉ. सिमरन ने कहा कि आज सामाजिक बुराई के नाम पर नशा सबसे बड़ी समस्या है।

सभी को एक होकर इस बुराई को खत्म करना होगा। छात्राओं ने नशे से बचने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में नार्को समन्वय केंद्र की नोडल अधिकारी प्रो. मंजू पंवार, उप नोडल अधिकारी डॉ. कृतिका दहिया, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, युवा मामले के निदेशक प्रो. सुषमा जोशी, आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक मौजूद रहे।

# NUTRITION AWARENESS DRIVE KICKS OFF

**Sonipat:** With the slogan "Balance your plate, balance your life," the Department of Home Science (Food and Nutrition) at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya inaugurated its Nutrition Month celebrations. The event opened with a colourful rally, flagged off by Vice-Chancellor Prof Sudesh and Registrar Prof Shivalik Yadav. Students carried placards and chanted slogans promoting balanced diets and healthy lifestyles. Prof Sudesh, in her address, emphasised that nutrition is key to a strong life and a brighter future. TNS

# नशा अच्छे-बुरे की पहचान छीन कर देता है शक्तिहीन




**गोहाना** | डीसी सुशील सारवान ने कहा कि हमारी बेटियां शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ ही हमारी संस्कृति की ध्वजवाहक हैं। अमृत मार्ग का अभिप्राय स्वास्थ्य सर्वोपरि से है। नशा सोचने समझने व अच्छे-बुरे की पहचान छीन कर शक्तिहीन कर देता है। नशा अगर समय रहते न छोड़ा जाए तो जान के साथ ही खत्म होता है। बीपीएस महिला विवि शिक्षा का मंदिर है। शिक्षक हमेशा अच्छा ही सिखाते हैं। ऐसे में छात्राएं नशे से खुद भी बचें और दूसरों को भी बचाएं। वे बुधवार को महिला विवि में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर के तत्वावधान में अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहें विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। डीसी ने ने कहा कि वर्ष-2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के पीएम नरेंद्र मोदी के सपना पूरा करने की जिम्मेदारी हम सब की है। आज हरियाणा में सीएम नायब सैनी ने नशे के खिलाफ कठोर अभियान छेड़ रखा है, जोकि हमारी युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से रोकने के लिए उनकी चिंता को व्यक्त करता है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशे की लत महिलाओं पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालती है। नशा पूरे घर को बर्बाद कर देता है।

# छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना|** बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के होम साइंस विभाग द्वारा न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। इस दौरान बीएससी होम साइंस के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व सलाद सज्जा प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। सहायक प्रोफेसर प्रीति धनखड़ के अनुसार पोस्टर मेकिंग में श्रुति प्रथम, आभा द्वितीय व शिवानी और श्वेता संयुक्त तृतीय रही। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में दीपांशी प्रथम, प्रियंका द्वितीय और दीपा व ललिता तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम, ईशा द्वितीय और आक्षी तृतीय रही। इसके बाद प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेहतर पोषण का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव है। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उपासना , डॉ. अनीता व डॉ. नितिका ने निभाई। इस मौके पर प्रो. कल्पना, प्रो. संतोष हुड्डा, रमणी पूर्णिमा आदि मौजूद रहीं।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रुति प्रथम, आभा द्वितीय

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि में इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग के होम साइंस विभाग द्वारा मनाए जा रहे न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को पोस्टर मेकिंग, स्लोगन एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिताएं आयोजित की । इन प्रतियोगिताओं में बीएससी होम साइंस की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सहायक प्रोफेसर प्रीती धनखड़ ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति, दूसरा स्थान आभा और तीसरा स्थान शिवानी व श्वेता ने प्राप्त किया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशी, द्वितीय प्रियंका और तृतीय स्थान दीपा व ललिता प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या, द्वितीय ईशा और तृतीय स्थान पर आक्षी रही। कार्यक्रम के अंतर्गत होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव है।

**जागरुकता** भगत फूल सिंह महिला विवि में अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहें विषय पर कार्यक्रम

# मौत के मुंह में धकेल देती है नशे की लत : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में बुधवार को नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर के तत्वावधान में अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहें विषयक एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त सोनीपत सुशील सारवान और विशिष्ट अतिथि एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय व भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सिमरन रहे। जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि अमृत मार्ग का अभिप्राय स्वास्थ्य सर्वोपरि से है।




गोहाना। नाटक की प्रस्तुति देने वाली छात्राएं जिला उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य अतिथिगणों के साथ।

## छीन लेता है अच्छे व बुरे की सोच

नशा व्यक्ति की अच्छे व बुरे की सोच छीन लेता है और शरीर को शक्तिहीन बनाकर धीरे-धीरे मौत के मुंह में धकेल देता है। नशेड़ी व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा भी समाप्त हो जाती है। इसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। छात्राएं खुद भी नशे से बचें और दूसरों को भी बचाएं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सब की है। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के खिलाफ कठोर अभियान छेड़ रखा है, जो कि हमारी युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से रोकने के लिए उनकी चिंता को व्यक्त करता है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नशे की लत महिलाओं पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालती है। आज का युवा वैदिक मूल्यों से दूर होकर नशे सहित अन्य बुराइयों के दलदल में फंसता जा रहा है। कार्यक्रम में छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुति देकर नशे के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा नार्को को-आर्डिनेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रो. मंजू पंवार ने प्रस्तुत की। डिप्टी नोडल अधिकारी डॉ. कृतिका दहिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, निदेशक यूथ अफेयर्स प्रो. सुषमा जोशी, आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक और डॉ. सिमरन विशेष रूप से मौजूद रहे।

## युवा अपनी संगत अच्छी रखें

एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि इस तरह के नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम युवा पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी हैं। नशा एक ऐसी लत है जो एक बार लग जाए तो वापसी का रास्ता बहुत मुश्किल है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपनी संगत अच्छी रखें। ज्यादातर युवा गलत संगत के प्रभाव से बिगड़ते हैं। अगर संगत अच्छी होगी तो निश्चित रूप से आप भविष्य में एक अच्छे इंसान बनेंगे।

# नाटक से पोषण के प्रति किया जागरूक



पोषण जागरूकता पर छात्राएं नाटक की प्रस्तुति देते हुए • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में होम साइंस विभाग द्वारा मनाए जा रहे न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गतपोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिताएं कराई गईं। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता भी फैलाई। सहायक प्रोफेसर प्रीति धनखड़ ने बताया कि प्रतियोगिताओं में बीएससी होम साइंस की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति, द्वितीय स्थान आभा और तृतीय स्थान शिवानी व श्वेता ने प्राप्त किया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशी, द्वितीय प्रियंका और दीपा व ललिता तृतीय रहीं।

# अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहें विषयक एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गोहाना, 10 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तत्वाधान में नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर की नोडल अधिकारी प्रो मंजू पंवार द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश द्वारा की गई तथा बतौर मुख्य अतिथि सोनीपत के डिप्टी कमिश्नर सुशील सरवन, तथा गोहाना की एस डी एम अंजलि श्रोत्रिय व भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ सिमरन ने बतौर विशिष्ट अतिथि छात्राओं को सम्बोधित किया। सुशील सरवन ने कहा कि अमृत मार्ग का अभिप्राय स्वास्थ्य सर्वोपरि से है। नशा सोचने समझने , अच्छे बुरे की पहचान छीन कर शक्तिहीन कर देता है। कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि आज का युवा नशे जैसी भयकंर बुराई की गिरफ्त में जा रहा रहा है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी बनती है कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाए। डॉ अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि शिक्षण संस्थान आज नशे की जकड़ में आ रहे है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि खुद भी नशे से दूर रहे और दूसरों को भी दूर रहने की सलाह दें। कार्यक्रम में नशे से बचने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव , प्रो सुषमा जोशी , प्राचार्य डा. ए.पी. नायक भी रहे।


## सूचना

मैं बलवान सिंह (Balwan Singh) पुत्र छोटू राम निवासी साहू तहसील उकलाना, ज़िला हिसार मेरे पुत्र शुभम ने दसवीं कक्षा सीबीएसई बोर्ड से रोल नंबर 17163883 वर्ष 2024 में उत्तीर्ण की है। मार्कशीट में शुभम के पिता का नाम बलवान सिंह (Balwan Singh) की बजाय बलवान (Balwan) तथा माता का नाम सुमन रानी (Suman Rani) की बजाय सुमन (Suman) दर्ज है अन्य दस्तावेज़ों में उसकी माता का नाम सुमन रानी तथा पिता का नाम बलवान सिंह है अब दसवीं कक्षा की मार्कशीट में नाम बलवान सिंह (Balwan Singh) व माता का नाम सुमन रानी (Suman Rani) दर्ज करके दुरुस्त किया जाए।



**सलाद सजावट प्रतियोगिता का विश्लेषण करती हुई निर्णायक टीम व प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी।**

# न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

गोहाना, 10 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग के होम साइंस विभाग द्वारा मनाए जा रहे न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में बीएससी (होम साइंस) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सहायक प्रो. प्रीती धनखड़ ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति, दूसरा स्थान आभा तथा तीसरा स्थान शिवानी व श्वेता ने प्राप्त किया। वहीं सलाद सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम दीपांशी, द्वितीय प्रियंका तथा दीपा व ललिता तृतीय रही, तथा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या, द्वितीय ईशा तथा आक्षी तृतीय रही। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत होम साइंस प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता फैलाई। प्राचार्य प्रो सुषमा जोशी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव है। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उपासना , डॉ. अनीता एवं डॉ. नितिका ने निभाई तथा आयोजन में प्रो कल्पना , प्रो संतोष हुडा व रमणी पूर्णिमा का विशेष योगदान रहा।

पंजाब केसरी
THU,11 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# पोस्टर मेकिंग में श्रुति, सलाद सज्जा में दीपांशी प्रथम



न्यूट्रिशन की प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राएं तैयार व्यंजनों के साथ। (अरोड़ा)

गोहाना, 10 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग के होम साइंस विभाग द्वारा न्यूट्रिशन सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। इस दौरान बी.एससी. होम साइंस के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व सलाद सज्जा प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई।

सहायक प्रोफैसर प्रीति धनखड़ के अनुसार पोस्टर मेकिंग में श्रुति प्रथम, आभा द्वितीय, शिवानी और श्वेता संयुक्त तृतीय रहीं। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में दीपांशी प्रथम, प्रियंका द्वितीय और दीपा व ललिता तृतीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में दिव्या प्रथम, ईशा द्वितीय और आक्षी तृतीय रहीं।

प्रथम वर्ष की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेहतर पोषण का संदेश दिया। प्रिंसीपल प्रो. सुषमा जोशी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ जीवन की नींव है। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उपासना, डॉ. अनीता व डॉ. नितिका ने निभाई।

इस मौके पर प्रो. कल्पना, प्रो. संतोष हुड्डा, रमणी पूर्णिमा आदि भी मौजूद रहीं।

पंजाब केसरी
THU,11 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# सोचने-समझने, अच्छे-बुरे की पहचान छीन कर शक्तिहीन कर देता है नशा : सारवान

गोहाना, 10 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में बुधवार को नार्को को-आर्डिनेशन सैंटर के तत्वावधान में 'अमृत मार्ग-नशे और स्वास्थ्य की राहें' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि सोनीपत के डी.सी. सुशील सारवान, विशिष्ट अतिथि गोहाना की एस.डी.एम. अंजलि श्रोत्रिय और बी.पी.एस. राजकीय महिला मैडिकल कॉलेज की चीफ मैडिकल ऑफिसर डॉ. सिमरन रहे।

डी.सी. सुशील सारवान ने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ हमारी संस्कृति की ध्वजवाहक भी हमारी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि अमृत मार्ग का अभिप्राय स्वास्थ्य सर्वोपरि से है। नशा सोचने-समझने, अच्छे-बुरे की पहचान छीन कर शक्तिहीन कर देता है।

नशा अगर समय रहते न छोड़ा जाए तो जान के साथ ही खत्म होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमेशा अच्छा ही सिखाते है। छात्राएं नशे से खुद भी बचें और दूसरों को भी बचाएं।



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली छात्राएं अतिथिगण के साथ। (अरोड़ा)

## नशा पूरे घर को बर्बाद कर देता है: प्रो. सुदेश

अध्यक्षीय संबोधन में वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि नशे की लत महिलाओं पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालती है। नशा पूरे घर को बर्बाद कर देता है। वी.सी. ने कहा कि आज का युवा वैदिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है और नशे जैसी भयंकर बुराई की गिरफ्त में जा रहा है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी बनती है कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाए।

## नशे से वापसी मुश्किल काम : अंजलि श्रोत्रिय

एस.डी.एम. अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि नशे से वापसी मुश्किल काम है। डॉ. सिमरन ने कहा कि आज का युवा नशे को स्टेट्स सिंबल मान रहा है जो इस बुराई को और अधिक बढ़ा रही है। नशे से बचने के लिए एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं को जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्रो. मंजू पंवार, डॉ. कृतिका दहिया, प्रो. शिवालिक यादव, प्रो. सुषमा जोशी, डॉ. एपी. नायक आदि भी मौजूद रहे।